भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. 159

01 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

चेन्नै मेट्रो रेल परियोजना की स्थिति

***159. श्री टी. आर. बालूः**

क्या ***आवासन और शहरी कार्य*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार ने चेन्नै मेट्रो रेल चरण-।। परियोजना को अनुमोदित कर दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) मार्गों की कुल लंबाई, लागत, वित्तपोषण और केन्द्र सरकार द्वारा जारी और संस्वीकृत किए गए हिस्से का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या परियोजना की प्रगति धीमी है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य मंत्री

(श्री मनोहर लाल)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

विवरण

श्री टी.आर. बालू द्‍वारा चेन्नै मेट्रो रेल परियोजना की स्थिति के संबंध में पूछे गए 01 अगस्त, 2024 को उत्तर के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 159* के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ग) तमिलनाडु सरकार ने 63,246.4 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर कुल 118.9 किलोमीटर लंबी चेन्नई मेट्रो रेल चरण-2 परियोजना के अनुमोदन के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जिसमें तीन कॉरीडोर नामतः (i) माधवरम से सिपकोट (45.8 किमी); (ii) लाइट हाउस से पूनामल्ली बाईपास (26.1 किमी) और (iii) माधवरम से शोलिंगनल्लूर (47.0 किमी) शामिल हैं। ऐसी गहन लागत वाली परियोजनाओं की स्वीकृति परियोजना की व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करती है। वर्तमान में, चेन्नई मेट्रो चरण 2 परियोजना को राज्य क्षेत्र की परियोजना के रूप में कार्यान्वित किया जा रहा है और इसके कार्यान्वयन पर होने वाला व्यय वर्तमान में तमिलनाडु सरकार द्‍वारा वहन किया जा रहा है। इस परियोजना की वास्तविक और वित्तीय प्रगति क्रमशः 35.29% और 27.4% है।

***